स्तर 1 (सप्ताह 10)

गपशप/बातचीत करना

उद्देश : 1. बच्चों के शब्द कोष में वृद्धि करना|

2. आत्मविश्वास बढ़ाना |

3. स्वतंत्र विचार एवं अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करना |

समय : 10 से 15 मिनट

प्रक्रिया :- आप अपने आस-पास कि चीजों के बारें में बड़ों से सवाल पूछें| उनसे सवाल पूछें जैसे;चीटी को कैसे पता चलता हैं कि इसी डिब्बे में चीनी है? चीटियाँ एक कतार में क्यों चलती हैं?चीटियाँ आपस में क्या बात करती होगी? क्या उनका भी स्कूल होता हैं?

चित्र के माध्यम से कहानी वाचन

उद्देश : 1. आत्मविश्वास बढ़ाना |

2. स्वतंत्र विचार एवं अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करना |

3. चित्र के सूक्ष्म और प्रत्यक्ष पहलुओं पर बारीक अवलोकन करना |

साहित्य : चित्र कार्ड

समय : 15 से 20 मिनट

प्रक्रिया :-

अपने घर के बड़े व्यक्ति से कहें कि वे आपको अपनी किताब से कहानी या कविता पढ़कर सुनाएँ| आप स्वयं भी चित्रों के सहारे अनुमान लगाकर कहानी पढने की कोशिश कर सकते हैं|